# श्री जाहरवीर चालीसा in Hindi

॥ दोहा ॥
सुवन केहरी जेवर,सुत महाबली रनधीर।
बन्दौं सुत रानी बाछला,विपत निवारण वीर॥

जय जय जय चौहान,वन्स गूगा वीर अनूप।
अनंगपाल को जीतकर,आप बने सुर भूप॥

॥ चौपाई ॥
जय जय जय जाहर रणधीरा।पर दुख भंजन बागड़ वीरा॥
गुरु गोरख का है वरदानी।जाहरवीर जोधा लासानी॥

गौरवरण मुख महा विशाला।माथे मुकट घुंघराले बाला॥
कांधे धनुष गले तुलसी माला।कमर कृपान रक्षा को डाला॥

जन्में गूगावीर जग जाना।ईसवी सन हजार दरमियाना॥
बल सागर गुण निधि कुमारा।दुखी जनों का बना सहारा॥

बागड़ पति बाछला नन्दन।जेवर सुत हरि भक्त निकन्दन॥
जेवर राव का पुत्र कहाये।माता पिता के नाम बढ़ाये॥

पूरन हुई कामना सारी।जिसने विनती करी तुम्हारी॥
सन्त उबारे असुर संहारे।भक्त जनों के काज संवारे॥

गूगावीर की अजब कहानी।जिसको ब्याही श्रीयल रानी॥
बाछल रानी जेवर राना।महादुःखी थे बिन सन्ताना॥

भंगिन ने जब बोली मारी।जीवन हो गया उनको भारी॥
सूखा बाग पड़ा नौलक्खा।देख-देख जग का मन दुक्खा॥

कुछ दिन पीछे साधू आये।चेला चेली संग में लाये॥
जेवर राव ने कुआ बनवाया।उद्घाटन जब करना चाहा॥

खारी नीर कुए से निकला।राजा रानी का मन पिघला॥
रानी तब ज्योतिषी बुलवाया।कौन पाप मैं पुत्र न पाया॥

कोई उपाय हमको बतलाओ।उन कहा गोरख गुरु मनाओ॥
गुरु गोरख जो खुश हो जाई।सन्तान पाना मुश्किल नाई॥

बाछल रानी गोरख गुन गावे।नेम धर्म को न बिसरावे॥
करे तपस्या दिन और राती।एक वक्त खाय रूखी चपाती॥

कार्तिक माघ में करे स्नाना।व्रत इकादसी नहीं भुलाना॥
पूरनमासी व्रत नहीं छोड़े।दान पुण्य से मुख नहीं मोड़े॥

चेलों के संग गोरख आये।नौलखे में तम्बू तनवाये॥
मीठा नीर कुए का कीना।सूखा बाग हरा कर दीना॥

मेवा फल सब साधु खाए।अपने गुरु के गुन को गाये॥
औघड़ भिक्षा मांगने आए।बाछल रानी ने दुख सुनाये॥

औघड़ जान लियो मन माहीं।तप बल से कुछ मुश्किल नाहीं॥
रानी होवे मनसा पूरी।गुरु शरण है बहुत जरूरी॥

बारह बरस जपा गुरु नामा।तब गोरख ने मन में जाना॥
पुत्र देन की हामी भर ली।पूरनमासी निश्चय कर ली॥

काछल कपटिन गजब गुजारा।धोखा गुरु संग किया करारा॥
बाछल बनकर पुत्र पाया।बहन का दरद जरा नहीं आया॥

औघड़ गुरु को भेद बताया।तब बाछल ने गूगल पाया॥
कर परसादी दिया गूगल दाना।अब तुम पुत्र जनो मरदाना॥

लीली घोड़ी और पण्डतानी।लूना दासी ने भी जानी॥
रानी गूगल बाट के खाई।सब बांझों को मिली दवाई॥

नरसिंह पंडित लीला घोड़ा।भज्जु कुतवाल जना रणधीरा॥

रूप विकट धर सब ही डरावे।जाहरवीर के मन को भावे॥

भादों कृष्ण जब नौमी आई।जेवरराव के बजी बधाई॥
विवाह हुआ गूगा भये राना।संगलदीप में बने मेहमाना॥

रानी श्रीयल संग परे फेरे।जाहर राज बागड़ का करे॥
अरजन सरजन काछल जने।गूगा वीर से रहे वे तने॥

दिल्ली गए लड़ने के काजा।अनंग पाल चढ़े महाराजा॥
उसने घेरी बागड़ सारी।जाहरवीर न हिम्मत हारी॥

अरजन सरजन जान से मारे।अनंगपाल ने शस्त्र डारे॥
चरण पकड़कर पिण्ड छुड़ाया।सिंह भवन माड़ी बनवाया॥

उसीमें गूगावीर समाये।गोरख टीला धूनी रमाये॥
पुण्य वान सेवक वहाँ आये।तन मन धन से सेवा लाए॥

मनसा पूरी उनकी होई।गूगावीर को सुमरे जोई॥
चालीस दिन पढ़े जाहर चालीसा।सारे कष्ट हरे जगदीसा॥

दूध पूत उन्हें दे विधाता।कृपा करे गुरु गोरखनाथ॥

## Shri Jaharveer Chalisa in English

**|| Doha ||**
**Suvan kehri jewar, sut mahabali randheer.**
**Bandoon sut rani bachhala, vipat nivaran veer.**

**Jai Jai Jai Chauhan, vans Googa veer anup.**
**Anangpal ko jeetkar, aap bane sur bhoot.**

**|| Chaupai ||**
**Jai Jai Jai Jahar Randheera. Par dukh bhanjan bagad veera.**
**Guru Gorakh ka hai vardani. Jaharveer jodha lasani.**

**Gaur varan mukh maha vishala. Mathe mukat ghunghrale bala.**
**Kandhe dhanush gale tulsi mala. Kamar kripan raksha ko dala.**

**Janme Googaveer jag jana. Isavi san hazar darmiyana.**
**Bal sagar gun nidhi kumara. Dukhi janon ka bana sahara.**

**Bagad pati bachhala nandan. Jewar sut Hari bhakt nikandan.**
**Jewar rao ka putra kahaye. Mata pita ke naam badhaye.**

**Pooran hui kamna sari. Jisne vinati kari tumhari.**
**Sant ubare asur sanhare. Bhakt janon ke kaaj sanvare.**

**Googaveer ki ajab kahani. Jisko byahi Shriyal rani.**
**Bachhal rani jewar rana. Mahadukhi the bin santana.**

**Bhangin ne jab boli mari. Jeevan ho gaya unko bhari.**
**Sookha bag pada naulakkha. Dekh-dekh jag ka man dukkha.**

**Kuch din peeche sadhu aaye. Chela cheli sang mein laaye.**
**Jewar rao ne kua banvaya. Udghatan jab karna chaha.**

**Khari neer kue se nikla. Raja rani ka man pighla.**
**Rani tab jyotishi bulvaya. Kaun paap mein putra na paya.**

**Koi upay humko batlao. Un kaha Gorakh guru manao.**
**Guru Gorakh jo khush ho jaaye. Santan pana mushkil nahi.**

**Bachhal rani Gorakh gun gaave. Nem dharm ko na bisrave.**
**Kare tapasya din aur raat. Ek waqt khaye rookhi chapati.**

**Kartik maagh mein kare snana. Vrat ekadashi nahi bhulana.**
**Poornmasi vrat nahi chhode. Daan punya se mukh nahi mode.**

**Chelon ke sang Gorakh aaye. Naulkhe mein tambu tanvaye.**
**Meetha neer kue ka kinha. Sookha bag hara kar dina.**

**Mewa fal sab sadhu khaye. Apne guru ke gun ko gaye.**
**Aaughar bhiksha mangne aaye. Bachhal rani ne dukh sunaye.**

**Aaughar jaan liyo man mahin. Tap bal se kuch mushkil nahin.**
**Rani hove mansa poori. Guru sharan hai bahut zaroori.**

**Barah baras japa guru nama. Tab Gorakh ne man mein jana.**
**Putra den ki hami bhar li. Poornmasi nischay kar li.**

**Kachhal kapatin gajab guzara. Dhokha guru sang kiya karara.**
**Bachhal bankar putra paya. Behan ka dard jara nahi aaya.**

**Aaughar guru ko bhed bataya. Tab bachhal ne googal paya.**
**Kar prasadi diya googal dana. Ab tum putra jano mardana.**

**Leeli ghodi aur panditani. Loona dasi ne bhi jani.**
**Rani googal baat ke khai. Sab banjhon ko mili dawai.**

**Narsingh pandit leela ghoda. Bhajju kutwal jana randheera.**
**Roop vikat dhar sab hi darave. Jaharveer ke man ko bhave.**

**Bhado Krishna jab naumi aayi. Jewar rao ke baji badhaayi.**
**Vivah hua Googa bhaye rana. Sangaldeep mein bane mehman.**

**Rani Shriyal sang pare phere. Jahar raj bagad ka kare.**
**Arjan sarjan kachhal jane. Googaveer se rahe ve tane.**

**Dilli gaye ladne ke kaja. Anangpal chadhe maharaja.**
**Usne gheri bagad saari. Jaharveer na himmat haari.**

**Arjan sarjan jaan se mare. Anangpal ne shastr daare.**
**Charan pakadkar pind chhudaya. Singh bhavan madi banvaya.**

**Usi mein Googaveer samaye. Gorakh teela dhooni ramaye.**
**Punya van sevak wahan aaye. Tan man dhan se seva laaye.**

**Mansa poori unki hoi. Googaveer ko sumare joi.**
**Chalees din padhe Jahar chalisa. Saare kasht hare Jagdisha.**

**Doodh poot unhein de vidhata. Kripa kare guru Gorakhnath.**